

कार्लोस अल्कराज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान मेरी पांव की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था।
- नोवाक जोकोविच

टेनिस खिलाड़ी, अपने खिंचाव आने के बाद बोलते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी ▶ **डी गुकेश**



**विश्व** चैंपियन डी गुकेश ने यहां टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के छठी बाजी में संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव के साथ ड्रॉ खेला, जबकि आर प्रज्ञानानंदा ने गत चैंपियन चीन के वेई यी के साथ अंक साझा किये। छह में से 4.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज है जबकि गुकेश चार अंकों के साथ उनके बाद है। साल के पहले बड़े टूर्नामेंट में अभी सात बाजियों के मुकाबले बाकी हैं। गुकेश ने अब्दुसात्तोरोव के खिलाफ मुकाबले में पकड़ ढीली पड़ने के बाद अच्छी वापसी की और 64 चालों के बाद इसे ड्रॉ करने पर सहमत हो गये।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारतीय टीम के धाकड़ बल्लेबाज और पूर्व कप्तान विराट कोहली ने 18 अगस्त 2008 में 19 साल की उम्र में श्रीलंका के खिलाफ डेब्यू किया था।

## ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर खिलाड़ियों ने देश को किया गौरवान्वितः राष्ट्रपति

नई दिल्ली, 25 जनवरी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आकाशवाणी और दूरदर्शन से प्रसारित के राष्ट्र के नाम संबोधन में ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों में सहित अन्य प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की उपलब्धियों का उल्लेख किया। मुर्मु ने कहा कि एक राष्ट्र के रूप में हमारा बढ़ता आत्मविश्वास खेलों के क्षेत्र में भी दिखाई देता है। हमारे खिलाड़ियों ने सफलता के प्रभावशाली अध्याय रचे हैं। पिछले वर्ष, हमारे खिलाड़ियों ने ओलंपिक खेलों में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा पैरालंपिक खेलों में, हमने अपना अब तक का सबसे बड़ा दल भेजा, जिसने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ के शतरंज (फिडे) ओलंपियाड में हमारे खिलाड़ियों ने विश्व समुदाय को अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया तथा पुरुष और महिला खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीते। मुर्मु ने कहा कि वर्ष 2024 में डी. गुकेश ने अब तक का सबसे कम उम्र का विश्व चैंपियन बनकर इतिहास रच दिया।

## प्रियांशु ने ग्रैंड मास्टर लक्ष्मण को ड्रा पर रोका



जयपुर, 25 जनवरी। जयपुर ओपन रैपिड प्रतियोगिता में 5वें राउंड में आज प्रतियोगिता का पहला उलटफेर दर्ज किया गया, जिसमें पश्चिम बंगाल के प्रियांशु बरुआ ने रेलवे के आर लक्ष्मण को बाराबारी पर रोका। खेले गए 6 राउंड के पश्चात मित्राभा गुहा पश्चिम बंगाल, सुयोग वाघ महाराष्ट्र, आर्यन वैष्णव दिल्ली टूर्नामेंट लीड कर रहे हैं। ग्रैंड मास्टर आर. लक्ष्मण रेलवे, फिडे मास्टर नमित सिंह वालिया पंजाब, कैंडिडेट मास्टर नवीन जैन हरियाणा, सेजल साई संजय महाराष्ट्र दूसरे स्थान खिलाड़ी 5.5 पॉइंट के साथ प्रतियोगिता में जीत के लिए नाम हुए हैं।

## जयपुर की जायसवाल ने अंडर 15 में सिल्वर मेडल जीता



जयपुर, 25 जनवरी। मुम्बई में आयोजित विलिंगडन स्पोर्ट्स क्लब क्लासिक ओपेन स्क्वैश चैंपियनशिप 19 से 23 जनवरी 2025 में गुलाबी नगरी जयपुर की गौरी जायसवाल ने अंडर 15 वर्ग गर्ल्स में सिल्वर मेडल जीत राजस्थान का नाम रोशन किया। कोच खांगा राम चौधरी ने बताया कि गौरी जायसवाल माहेश्वरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर के कक्षा 8 की स्टूडेंट हैं जिसमें पहले राउंड में बाय मिली, प्री क्वार्टर में महाराष्ट्र की जिद्न्यासा मुरादे को 11-3,11-3,11-3, से क्वार्टर फाइनल में महाराष्ट्र की मान्या संघवी को 11-9,11-7,11-6, से सेमी फ़ाइनल में तेलंगाना स्टेट की अर्ना द्विवेदी को 11-13,11-7,11-9,11-7, से फ़ाइनल में उतर प्रदेश की फ़बीना नफीस 2- 11,6- 11,4-11, से हार का सामना करना पड़ा और सिल्वर मेडल अपने नाम किया। प्रिंसिपल अशोक वैद, और वाईस प्रिंसिपल डी डी पाठक, माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर ने जीतने पर गौरी एवं कोच को बधाई एवम शुभकामनाएं दी।

## खिलाड़ी राष्ट्रीय खेलों में राजस्थान के राजदूतः राज्यवर्धन




जयपुर, 25 जनवरी। आप बहुत भाग्यशाली है, जिन्हें राष्ट्रीय खेलों में खेलने का अवसर मिला। एक राजदूत की हैसियत से इन खेलों में आप राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे, यह बात खेल एवं युवा मामले मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने शनिवार को सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में 38वें राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने जा रहे विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों को सैंडऑफ सेरेमनी (दल रवानगी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम) में कही। उन्होंने राष्ट्रीय खेलों की जर्सी लॉच करते हुए कहा कि रांष्ट्रीय खेल ऐसा मंच है, जहा पूरे देश के खिलाड़ी खेलने आते है। इसमें अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी होते है, जिनसे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। खिलाड़ियों के लिए यह बहुत अच्छा अवसर है कि इनसे सीखे और अपने खेल को बहतर करने की कौशिश करें। इस अवसर पर राजस्थान राज्य ओलम्पिक संघ में अध्यक्ष तेजस्वी गहलोत, खेलमंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने सभी टीमों को किट वितरित की। इस अवसर पर मौजूद राज्य क्रीड़ा परिषद के सचिव राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# मैडिसन कीज ने अपने नाम किया महिला सिंगल्स का खिताब

## फाइनल में सबालेंका को हराया




मेलबर्न, 25 जनवरी। अमेरिका की 19वीं वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 का महिला सिंगल्स का खिताब जीत लिया। इस दौरान उन्होंने महिला रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर-1 खिलाड़ी अरीना सबालेंका को हराया। हालांकि, इस मैच को सभी को उम्मीद थी कि सबालेंका खिताब जीतने में कामयाब होंगी लेकिन अमेरिकी खिलाड़ी मैडिसन ने बड़ा उलटफेर करने के साथ तीन सेट में मुकाबले को अपने नाम कर दिया। इस मैच में सबालेंका ने पहला सेट गंवाने के बाद दूसरे सेट में वापसी तो की लेकिन तीसरे और निर्णायक सेट को मैडिसन ने जीतने के साथ अपने करियर का पहला ग्रैंड स्लैम टाइटल भी जीता। मैडिसन कीज और अरीना सबालेंका के बीच खेले गए ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 महिला सिंगल्स ग्रैंड स्लैम फाइनल मुकाबले को लेकर बात की जाए तो उसमें पहले सेट को मैडिसन ने 6-3 से अपने नाम किया वहीं इसके बाद दूसरे सेट में अरीना सबालेंका ने शानदार वापसी करने के साथ उसे 6-2 से जीता।

अब 1-1 से मैच बराबरी पर आने के बाद सभी फैंस की नजरें तीसरे और निर्णायक सेट पर थी जिसमें मैडिसन ने फिर से वापसी करने के साथ इस रोमांचक सेट को 7-5 से जीता और अरीना साबलेंका का तीसरी बार खिताब जीतने का सपना भी तोड़ दिया। अगर सबालेंका ऐसा करने में कामयाब होती तो वह साल 1997 से 1999 में मार्टिना हिंगिस के बाद पहली महिला खिलाड़ी होती जो मेलबर्न पार्क में लगातार तीन बार ऑस्ट्रेलियन ओपन को अपने नाम करती।

वहीं अमेरिका की खिलाड़ी ने जीत दर्ज करते ही अपना चेहरा अपने हाथों से ढक लिया, फिर हाथों को ऊपर उठा का जश्न मनाया। उन्होंने इसके बाद अपने पति और कोच (2023 से) ब्योर्न फ्रैटांगेलो और टीम के अन्य सदस्यों को गले लगाया। सबालेंका ने कीज को बधाई देने के बाद अपने टेबल के पास जाकर रैकेट को जोर से जमीन पर पटका और अपनी भावनाओं को छिपाने के लिए सफेद तौलिये से चेहरा ढक लिया। अमेरिकी ओपन 2015 में फ्लाविया पेनेटा के 33 साल की उम्र में चैम्पियन बनने के बाद कीज सबसे उम्रदराज महिला ग्रैंड स्लैम चैम्पियन हैं। कीज अपने 46वें ग्रैंड स्लैम में चैम्पियन बनी।

## रोहित शर्मा टी-20 टीम ऑफ द ईयर के कप्तान




### चार भारतीय खिलाड़ी शामिल, अर्शदीप साल के बेस्ट टी-20 प्लेयर

दुबई, 25 जनवरी। आईसीसी ने शनिवार को साल 2024 की टी-20 टीम ऑफ द ईयर की घोषणा कर दी है। इस टीम में 4 भारतीय खिलाड़ियों को जगह मिली है। रोहित शर्मा को कप्तान बनाया गया है। उनके अलावा ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह भी टीम में शामिल हैं। भारत के अलावा किसी भी अन्य देश से एक से ज्यादा खिलाड़ियों को मौका नहीं मिला है। टीम में पाकिस्तान के बाबर आजम, ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और अफगानिस्तान के राशिद खान भी टीम में शामिल हैं। एक दिन पहले शुक्रवार को ने टेस्ट टीम ऑफ ईयर और वनडे टीम ऑफ ईयर का ऐलान किया था। टेस्ट में भारत के तीन प्लेयर्स को जगह मिली थी। जबकि वनडे टीम में कोई भारतीय नहीं है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल हर साल खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर तीनों फॉर्मेट की टीम जारी करता है।

रोहित की कप्तानी में भारत ने जीता था टी-20 वर्ल्ड कप भारतीय टीम ने रोहित शर्मा की कप्तानी में 29 जून को टी-20 वर्ल्ड कप 2024 जीता था। ब्रिजटाउन के मैदान पर भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका को 7 रनों से हराया था। अर्शदीप सिंह टी-20 क्रिकेट ऑफ ईयर चुने गए भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को ने टी-20 क्रिकेटर ऑफ ईयर चुना है। उन्होंने पिछले साल 18 मुकाबलों में 36 विकेट झटके हैं। इस अवॉर्ड के लिए ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड, पाकिस्तान के बाबर आजम और जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा के नाम भी रेस में थे।

## भारत ने इंग्लैंड को दो विकेट से हराया



चेन्नई, 25 जनवरी। गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन के बाद तिलक वर्मा (नाबाद 72 ) की अर्धशतकीय और रवि बिश्नोई की (नाबाद नौ) रनों की साहसिक पारियों की बदौलत भारत ने शनिवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में इंग्लैंड को दो विकेट से हराया। इसी के साथ भारतीय टीम ने पांच मैचों की सीरीज में 2-0 से बढ़त बना ली हैं।

इंग्लैंड के 165 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 19 रन पर अपने दो विकेट गवां दिये। अभिषेक शर्मा (12) और संजू सैमसन (पांच) रन बनाकर आउट हुये। तीसरे विकेट के रूप में बल्लेबाजी करने आये तिलक वर्मा ने कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। छठें ओवर में ब्राइडन कार्स ने सूर्यकुमार यादव (12) को आउटकर भारत को तीसरा झटका दिया। इसके बाद ध्रुव जुरेल (चार), हार्दिक पंड्या (सात) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। ऐसे संकट के समय वॉशिंगटन सुंदर ने तिलक वर्मा के साथ पारी को संभाला। ब्राइडन कार्स ने वॉशिंगटन सुंदर (26) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद अक्षर पटेल (दो) और अर्शदीप सिंह (छह) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये रवि बिश्नोई ने तिलक वर्मा का बखूबी साथ निभाया। तिलक वर्मा ने 55 गेंदों में चार चौके और पांच छक्के लगाते हुए (नाबाद 72) रनों की पारी खेली। वहीं रवि बिश्नोई पांच गेंदों में (नौ) रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने 19.2 ओवर में आठ विकेट पर 166 रन बनाकर मुकाबला दो विकेट से जीत लिया।

इंग्लैंड की ओर से ब्राइडन कार्स ने तीन विकेट लिये। जोफ्रा आर्चर, मार्क वुड, आदिल रशीद, जेमी ओवर्टन और लियम लिविंगस्टन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## मंधाना, ऋचा, दीप्ति को मिली आईसीसी की सर्वश्रेष्ठ महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में जगह

नई दिल्ली, 25 जनवरी। दिग्गज सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना, विकेटकीपर ऋचा घोष और हरफनमौला दीप्ति शर्मा को शनिवार को भारतीय खिलाड़ियों की दबदबे वाली आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय साल2024 की सर्वश्रेष्ठ टीम में शामिल किया गया। इस टीम में तीन भारतीयों के अलावा दक्षिण अफ्रीकी और श्रीलंका के दो-दो जबकि इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड और पाकिस्तान से एक-एक खिलाड़ी हैं। धाना और दीप्ति को शुक्रवार को आईसीसी महिला वनडे साल की सर्वश्रेष्ठ टीम 2024 में भी शामिल किया गया था। मंधाना के लिए साल 2024 शानदार रहा। उन्होंने साल की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 54 रनों की शानदार पारी के साथ और इसका अंत घरेलू मैदान पर वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार तीन अर्धशतकों के साथ किया। इस सलामी बल्लेबाज ने इस दौरान 23 मैचों में 763 रन बनाये और महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गयी। मंधाना ने इस दौरान 8 अर्धशतक, 42.38 के औसत और 126.53 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये।

// तीसरी दिग्विजय सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप //

## राजस्थान शूटिंग टीम ने तीन पदक हासिल किए




जयपुर, 25 जनवरी। राजस्थान शूटिंग टीम ने भोपाल में आयोजित प्रतिष्ठित तीसरी दिग्विजय सिंह मेमोरियल शूटिंग चैम्पियनशिप में क्ले पिजन स्कीट इवेंट व्यक्तिगत सीनियर मास्टर मेन केटेगरी और व्यक्तिगत मेन केटेगरी में 02 पदक और क्ले पिजन स्कीट जूनियर मेन टीम इवेंट में -01 पदक हासिल कर कुल 3 पदक जीतकर राज्य का गौरव बढ़ाया है। चैंपियनशिप में देश भर के कुछ बेहतरीन निशानेबाजों ने भाग लिया, जिन्होंने उल्लेखनीय कौशल और खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

स्वर्ण पदक सरोष खान (क्ले पिजन स्कीट इवेंट व्यक्तिगत सीनियर मास्टर मेन केटेगरी), कांस्य पदक, अनंतजीत सिंह नरुका (क्ले पिजन स्कीट इवेंट व्यक्तिगत मेन केटेगरी)-1 कांस्य पदक (1) यशवर्धन सिंह (2) राजवीर सिंह (3) अंजनेया सिंह (क्ले पिजन स्कीट जूनियर मेन टीम इवेंट)

प्रत्येक एथलीट ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट सटीकता, समर्पण और संयम का प्रदर्शन करते हुए व्यक्तिगत/ टीम की सफलता में योगदान दिया। राजस्थान राइफल एसोसिएशन ने टीम के प्रदर्शन पर बहुत गर्व व्यक्त किया और राज्य में शूटिंग प्रतिभाओं को निखारने के लिए निरंतर प्रयास करने का वादा किया। दिग्विजय सिंह की स्मृति को सम्मानित करने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य शूटिंग के खेल को बढ़ावा देना और उभरती प्रतिभाओं के लिए एक मंच प्रदान करना था। इस टूर्नामेंट में राजस्थान की शूटिंग टीम की उपलब्धियाँ खेल में अग्रणी टीमों में से एक के रूप में उनकी स्थिति की पुष्टि करती हैं।

// इनविटेशन गोल्फ कप का 5वां संस्करण संपन्न //

## जसवंत सिंह मील ने जीती बेस्ट सीआईआई गोल्फर की ट्रॉफी



जयपुर, 25 जनवरी। कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई)-वेदांता हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड इनविटेशन गोल्फ कप का 5वां संस्करण शनिवार को रामबाग गोल्फ क्लब में आयोजित किया गया। टूर्नामेंट का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। समारोह के दौरान अलग-अलग श्रेणियों और हैंडीकेप्स में विजेता व उप विजेता दोनों को पुरस्कृत किया गया। जिसमें बेस्ट सीआईआई गोल्फर की ट्रॉफी जसवंत सिंह मील ने जीती।

टूर्नामेंट में गोल्फर्स सहित ब्यूरोक्रेट्स, इंडस्ट्री मेंबर्स, जज, आर्मी, रेलवे ऑफिसर्स आदि जैसी विभिन्न पृष्ठभूमियों से लगभग 100 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। इसमें पुरुष, महिला, वेटरन (60 ), और मेम्बर आदि श्रेणियां शामिल थीं। यह टूर्नामेंट स्टैबलफोर्ड सिंगल पियरियो फॉर्मेट में खेला गया। इस अवसर पर दिल्ली से प्रसिद्ध प्रोफेशनल महिला गोल्फर श्वेता मान सिंह भी उपस्थित रहीं।

अन्य श्रेणियों में विजेता और उपविजेताओं के नाम कुछ इस प्रकार रहे- हैंडीकैप श्रेणी (18-24) में गौरव रूंगटा विजेता रहे; हैंडीकैप श्रेणी (13-17) में अनुरोध सारस्वत और हैंडीकैप श्रेणी (0 - 12) में अर्जुन कुच्छल विजेता रहे। विजेताओं को पुरस्कार के साथ आईटीसी रूम वाउचर भी प्रदान किए गए। वहीं, हैंडीकैप श्रेणी (18-24) में ओम सारस्वत उपविजेता, हैंडीकैप श्रेणी (13-17) में धीरज झामरिया और हैंडीकैप श्रेणी (0 -12) में संदीप शर्मा उपविजेता रहे। इसके अतिरिक्त, बेस्ट वेटरन गोल्फर का पुरस्कार अंशुमन गुप्ता और बेस्ट लेडी गोल्फर का खिताब रितु ओबरॉय ने जीता। इसी प्रकार, क्लोजेस्ट टू द पिन का पुरस्कार अखिल अग्रवाल को, स्ट्रेटेस्ट ड्राइव का पुरस्कार आभा गुप्ता को, लॉन्गेस्ट ड्राइव का पुरस्कार सिद्धार्थ शर्मा को और बीट द प्रो के विजेता हैदर अली रहे।

## ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने इंग्लैंड का किया सुपड़ा साफ

एडिलेड, 25 जनवरी। बेथ मूनी (नाबाद 94) रनों की अर्धशतकीय पारी और जॉर्जिया वेयरहम (तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने शनिवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में इंग्लैंड को 72 रनों से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की टी-20 सीरीज 3-0 से जीत ली हैं। ऑस्ट्रेलिया के 165 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही और 48 के स्कोर तक अपने सात विकेट गवां दिये। सोफिया डंकली (पांच), ऐलिस कैप्सी (छह), नेट साइवर ब्रंट (एक), डेनिएल वायट (17), एमी जोंस (शून्य), फ्रेया कैंप (पांच) और शार्लेट डीन (एक) रन बनाकर आउट हुई। हालांकि इस दौरान कप्तान हीथर नाइट एक छोर थामे खड़ी रही। सोफी एकलस्टन (पांच) और लिंसी स्मिथ (एक) रन बनाकर आउट हुई। इंग्लैंड का आखिरी विकेट हीथर नाइट (40) रूप में गिरा। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे इंग्लैंड की पूरी टीम 17.3 ओवर में 90 रन पर ढ़ेर हो गई।

## राजस्थान के लाम्बा की शतकीय पारी व सचिन शतक से चूके



जयपुर, 25 जनवरी। नागपुर में खेली जा रही बीसीसीआई की राष्ट्रीय अंडर 23 सी के नायडू ट्रॉफी के आज से शुरू हुए राजस्थान -विधर्भ मैच के पहले दिन राजस्थान के कप्तान करण लाम्बा ने शानदार नाबाद शतकीय पारी खेलते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान टीम ने कप्तान करण लाम्बा की शानदार नाबाद शतकीय पारी व सलामी बल्लेबाज सचिन यादव के अर्धशतक की सहायता से पहले दिन का खेल समाप्त होने तक 4 विकेट के नुकसान पर 282 रन बना लिए थे। सलामी बल्लेबाज सचिन यादव मात्र 4 रनो से अपने शतक से चुके।

**राजस्थान - विधर्भ रणजी मैच (तीसरे दिन का स्कोर)** राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में जयपुर में खेली जा रही बीसीसीआई की राष्ट्रिय सीनियर रणजी ट्रॉफी के जयपुर में के एल सैनी स्टेडयम पर खेले जा रहे राजस्थान - विधर्भ रणजी मैच के तीसरे दिन का स्कोर :- विधर्भ पहली पारी 165 आल आउट। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए विधर्भ टीम राजस्थान के गेंदबाज खलील अहमद , मानव सुथार व अन्य अजय कुकना की शानदार गेंदबाजी की सामने मात्र 165 रनो के स्कोर पर आल आउट हो गयी। टीम के लिए करुण नायर 39 , ऐ वाडकर 34 व हुते 34 रनो का योगदान दिया।

राजस्थान के गेंदबाज अजय कुकना 92/3, मानव सुथार 94/2 खलील 52/1 व अनिकेत चौधरी 63/1 विकेट प्राप्त किये।

// जयपुर पोलो सीजन 2025//

## जयपुर टीम ने जीता रघु सिन्हा माला माथुर मेमोरियल कप




जयपुर, 25 जनवरी। जयपुर पोलो सीजन 2025 का पहला एग्जीबिशन मैच, रघु सिन्हा माला माथुर मेमोरियल कप आज राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर खेला गया। बड़ी संख्या में दर्शकों ने इस रोमांचक खेल का आनंद लिया। टीम जयपुर और टीम बैंगलोर ग्रेज़/कृष्णा पोलो के बीच हुए इस मुकाबले में टीम जयपुर ने 13-9 के स्कोर से जीत हासिल की। इस अवसर पर जीओसी, 61 सब एरिया, मेजर जनरल रोहित मेहरोत्रा मुख्य अतिथि रहे।

टीम जयपुर के लिए लांस वॉटसन के 6 गोल ने टीम को शानदार जीत दिलाई। वहीं एचएच महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ऑफ जयपुर ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 5 गोल और राव हिम्मत सिंह बेदला ने 2 गोल किए। टीम में देवव्रत सिंह झालामंड भी शामिल थे। इसी प्रकार, टीम बैंगलोर ग्रेज़/कृष्णा पोलो की ओर से डेनियल ओटामेंडी ने 4 गोल और नवीन सिंह ने 3 गोल किए। वहीं डीनो धनखड़ ने टीम के लिए 2 गोल किए। टीम से अनिरुद्ध मावाजी भी खेले।

# राजस्थान यूनाइटेड क्लब ने टेबल टॉपर चर्चिल ब्रदर्स एफसी को 1-0 से हराया



जयपुर, 25 जनवरी। विद्याधर नगर स्टेडियम में आयोजित फुटबॉल के रोमांचक आई-लीग मुकाबले में राजस्थान यूनाइटेड एफसी ने चर्चिल ब्रदर्स एफसी को 1-0 से हराया। क्लब के चेयरमैन के के टॉक ने बताया कि रोमांचक मुकाबले के मैच में हाफ टाइम में गोल रहित रहा इसके बाद हाफ टाइम के बाद वाले क्षणों में जीवंत हो गया। क्योंकि राजस्थान यूनाइटेड ने 6 मिनट के अतिरिक्त समय के दौरान गोल किया। दोनों टीमों के लिए पहला हाफ एक तंग मामला था, जिसमें दोनों टीमों ने ठोस रक्षात्मक संरचनाओं को प्रदर्शित कर कुछ अवसर पैदा किए। चर्चिल ब्रदर्स एफसी ने लचीलापन दिखाया, जबकि राजस्थान यूनाइटेड एफसी ने अपने बचाव को तोड़ने के लिए संघर्ष किया। दोनों पक्ष हाफ टाइम ब्रेक में आगे बढ़ गए।

**ड्रा मैच को बनाया रोमांचकः-** क्लब की डायरेक्टर रोशनी टॉक ने कहा कि मैच ड्रॉ के लिए लग रहा था, लेकिन मेजबानों को चोट के समय में अपनी सफलता मिली। जैसे ही खेल ने स्टॉपेज टाइम के छठे मिनट में प्रवेश किया। राजस्थान यूनाइटेड ने अंतिम आक्रमण शुरू किया। 93वें मिनट में उनके स्ट्राइकर जेरार्ड आर्टिगास (जर्सी नंबर 99) से गोल में एक निर्दोष टैप द्वारा बॉक्स में एक सही समयबद्ध क्रॉस मिला, नेट के पीछे का पता लगाया और गोल कर घरेलू भीड़ को उत्साह में भेज दिया। चर्चिल ब्रदर्स एफसी की उत्साही प्रतिक्रिया के बावजूद, राजस्थान यूनाइटेड ने सभी तीन बिंदुओं का दावा करने के लिए दृढ़ता रखी, उन्हें आई-लीग स्टैंडिंग में ऊपर ले जाया गया।

**खेलों के साथ बढ़ेगा टय्यूरिज्म, बढ़ेगी इकोनामीः दिया कुमारीः-** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने फुटबाल मैचों को बढ़ाने के लिए आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में इस तरह के मेचों का आयोजन किया जाएगा। इससे युवाओं में खेल के प्रति भावना जागृत होगी। युवा खेलों की तरफ ध्यान देगा तो उसका ध्यान इधर-उधर नहीं भटकेगी, खाली बैठा युवा कई बार गलतियां कर बैठता है। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी युवाओं को खेल के लिए हमेशा प्रोत्साहन करते रहते हैं। जिससे युवा स्वस्थ एवं सुखी रहेगा। आईफा के लिए राजस्थान एवं जयपुर तैयार है इसके आयोजन से टूरिज्म बढ़ेगा, इकोनामिक बढ़ेगी लोगों को रोजगार मिलेगा। फिल्मों की शूटिंग के लिए भी राजस्थान में अच्छा वातावरण बनाया जा रहा है।